ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination
SLE 2022

# GRADE 4

# HINDI

Subject Code: 8 0 1

**Total Questions:** 30 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- उत्तर-पत्रिका में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **एच बी पेंसिल** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **30 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषिद्ध** है।
  प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश: इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. 'भुवनेश्वर का सही वर्ण-विच्छेद पहचानिए।

   (A) भ् + ऊ + व + अ + न् + ए + श् + व् + अ + र् + अ

   (B) भ् + उ + व् + अ + न् + ए + श् + व् + अ + र् + अ

   (C) भ् + उ + व् + न् + ऐ + श् + अ + र् + अ

   (D) भ् + ऊ + व् + अ + ने + श् + व् + र + अ

2. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है?

   (A) ईमानदारी (B) गुच्छा

   (C) श्याम (D) सैनिक

3. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध होगा?

   (A) सादृष्य (B) सादृश्य

   (C) बाँग्ला (D) पाश्चात्य

4. 'तिथि' शब्द का बहुवचन रूप है–

   (A) तिथीयाँ (B) तिथियां

   (C) तीथियाँ (D) तिथियाँ

5. 'जो पहले जन्मा हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

   (A) अनुज (B) अग्रज

   (C) अच्युत (D) अगामी

6. 'च् + इ + म् + अ + ट् + ई' वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–

(A) चिमटी (B) चीमटी

(C) चीमटि (D) चिमिटी

7. किस शब्द का स्त्रीलिंग रूप ग़लत है?

(A) बच्चा – बच्ची (B) मुर्गा – मुर्गी

(C) सेठ – सेठनी (D) घोड़ा – घोड़ी

8. किस शब्द का स्त्रीलिंग रूप ग़लत है?

(A) नौकर – नौकरानी (B) धोबी – धोबियानी

(C) सुनार – सुनारिन (D) कौवा – मादा कौवा

9. किस वाक्य की रेखांकित क्रिया सकर्मक क्रिया है?

(A) आप उधर <u>बैठें</u>। (B) तुम मेरे साथ <u>चलो</u>।

(C) क्यों <u>हँस रहे</u> हो? (D) तुम खाना <u>खाओ</u>।

10. 'यह + से' के मेल से बना सही सर्वनाम रूप है–

(A) यह से (B) इह से

(C) इसे (D) इससे

11. कौन-सा शब्द 'अध्यापक' का पर्याय है?

(A) शिक्षण (B) शिक्षित

(C) शिक्षक (D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

12. कौन-सा शब्द संज्ञा नहीं है?

(A) मिठास

(B) प्यारा

(C) लड़ाई

(D) सोना

13. किस वाक्य में रेखांकित क्रिया अकर्मक है?

(A) सचिन क्रिकेट मैच खेलता है।

(B) बच्चे ने खिलौने तोड़ दिए।

(C) वह बहुत तेज दौड़ता है।

(D) वह फिल्म देखता है।

14. 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा किसने दिया है?

(A) भगत सिंह

(B) लाल बहादुर शास्त्री

(C) जवाहर लाल नेहरू

(D) सुभाष चंद्र बोस

15. 'कलम का सिपाही' किसे कहा जाता है?

(A) तुलसीदास

(B) मुंशी प्रेमचंद

(C) राजा राम मोहन रॉय

(D) महादेवी वर्मा

16. 'मुझे गरम गाय का दूध चहीए' वाक्य का सही रूप है।

(A) मुझे गाई का दूध गरम चाहिए।

(B) मुझे गाय का दुध गरम चाहिए।

(C) मुझे गाय का गरम दूध चाहिए।

(D) मुझे गाय का दूध गरम चाहिए।

17. 'अगम' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्यांश है–

(A) जहाँ जाना संभव न हो

(B) जो कहीं जा न सके

(C) जिसे कोई गम न हो

(D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

18. 'होश आना' अर्थ किस मुहावरे का है?

(A) आँखें खुलना
(B) आँखें दिखाना
(C) आँखें तरसना
(D) आँखें उठाना

19. 'कन्नड' भाषा किस प्रांत की भाषा है?

(A) केरल
(B) गोवा
(C) कर्नाटक
(D) तमिलनाडु

20. 'बाल दिवस' किसकी याद में मनाया जाता है?

(A) इंदिरा गांधी
(B) महात्मा गांधी
(C) सरदार वल्लभभाई पटेल
(D) पं० जवाहर लाल नेहरू

21. 'अंधों में काना राजा' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) काना व्यक्ति बहुत चालाक होता है
(B) मूर्खों के बीच थोड़ा समझदार होना
(C) अनपढ़ लोगों के बीच थोड़ा पढ़ा-लिखा होना
(D) गरीबों के बीच थोड़ा पैसे वाला होना

22. 'अ इ उ ऋ' कौन से स्वर है?

(A) लघुस्वर
(B) ह्रस्वस्वर
(C) दीर्घस्वर
(D) प्लुत स्वर

23. भारतीय राष्ट्रगान जन गण मन सर्वप्रथम किस भाषा में लिखा गया था?

(A) कन्नड भाषा
(B) पंजाबी भाषा
(C) बाँग्ला भाषा
(D) हिंदी भाषा

24. 'लाल बहादुर शास्त्री जयंती' किस माह में तथा किस तारीख को मनाई जाती है?

(A) 2 नवंबर
(B) 2 अक्टूबर
(C) 5 सितंबर
(D) 14 नवंबर

25. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' कथन किसका है?

(A) सुभाष चंद्र बोस
(B) चंद्रशेखर आज़ाद
(ब) बालगंगाधर तिलक
(क) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

26. अल्पविराम का चिह्न कौन-सा है?

(A) (;)
(B) (।)
(C) (?)
(D) (,)

27. कौन-सा शब्द 'बादल' शब्द का पर्याय नहीं है?

(A) घन
(B) जलद
(C) गगन
(D) नीरद

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

मोती, राजा साहब की खास सवारी का हाथी था। यों तो वह बहुत सीधा और समझदार था, पर कभी-कभी उसका मिजाज़ गर्म हो जाता था और वह आपे में न रहता था। एक बार इसी पागलपन में उसने अपने महावत को मार डाला। राजा साहब ने यह खबर सुनी तो उन्हें बहुत क्रोध आया। हाथी को राजा साहब की सवारी से निकाल दिया गया। कुलियों की तरह उसे लकड़ियाँ ढोनी पड़तीं, पत्थर लादने पड़ते और शाम को वह पीपल के नीचे मोटी ज़ंजीरों से बांध दिया जाता। खाने के लिए उसके सामने सूखी टहनियाँ डाल दी जाती थीं और उन्हीं को चबाकर वह भूख की आग बुझाता।

28. मोती के विषय में कौन-सी बात ग़लत है?

(A) मोती एक हाथी था।

(B) मोती पर राजा साहब सवारी करते थे।

(C) मोती दुष्ट और नासमझ था।

(D) कभी-कभी मोती का मिजाज़ गर्म हो जाता था।

29. महावत को मार डालने की मोती को क्या सज़ा मिली?

(A) राजा साहब की सवारी से हटा दिया गया।

(B) कुलियों की तरह उसे लकड़ियाँ और पत्थर ढोने पड़े।

(C) रात को पीपल के नीचे मोटी ज़ंजीरों से बाँधा जाने लगा।

(D) उपरोक्त तीनों सही हैं।

30. मोती .......................... खा कर अपनी भूख की आग बुझाता।

(A) सूखी टहनियाँ

(B) सूखी लकड़ियाँ

(C) पीपल की टहनियाँ

(D) हरी घास

GRADE
4

HINDI